Series : R2SQP

SET~1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/2/1**

रोल नं.

Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : **80***

**नोट :**

*(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।*

*(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*

*(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*

***(IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***

*(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

{}

**NOTE :**

*(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.*

*(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(III) Please check that this question paper contains **34** questions.*

***(IV) Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.***

*(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*
*खण्ड – **क** : समष्टि अर्थशास्त्र*
*खण्ड – **ख** : भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **100** से **150** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*


*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

**खण्ड – क**

**(समष्टि अर्थशास्त्र)**

1. दर्शाए गए आरेख के संदर्भ में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उपभोग फलन का चयन करें : **1**



### General Instructions :

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*
*Section – **A** : Macro Economics*
*Section – **B** : Indian Economic Development*

*(iii)* *This Question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This Question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in **60** to **80** words.*

*(v)* *This Question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in **80** to **100** words.*

*(vi)* *This Question paper contains **4** Long Answer Type Questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in **100** to **150** words.*


*(vii)* *Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION – A
## (Macro Economics)

1. Choose the correct consumption function from the options given below with reference to the illustrated given diagram. **1**



विकल्प :

(A) $C = 100 + 0.7Y$ (B) $C = 100 + 0.8Y$

(C) $C = 100 - 0.7Y$ (D) $C = 100 - 0.8Y$

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 1 के स्थान पर है ।**

यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का मान 0.6 है तथा अपसंचय (Dissavings) 100 है, तो संबंधित बचत फलन क्या होगा ? (सही विकल्प का चयन करें) **1**

विकल्प :

(A) $S = -100 + 0.6Y$ (B) $S = 100 + 0.6Y$

(C) $S = -100 + 0.4Y$ (D) $S = -100 - 0.4Y$

2. कनाडा व इंग्लैंड के मध्य संचालित एयर इंडिया के विमानों से प्राप्त आय ______ की घरेलू आय ($NDP_{FC}$) में जोड़ी जाएगी । (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें) **1**

विकल्प :

(A) कनाडा (B) इंग्लैंड

(C) कनाडा व इंग्लैंड दोनों (D) भारत

3. मुद्रा के उस कार्य की पहचान करें, जिसने लेन-देन में 'आवश्यकता के दोहरे संयोग' (Double coincidence of wants) की समस्या को प्रभावी रूप से हल कर दिया है । **1**

विकल्प :

(A) स्थगित भुगतान का मानक (B) मूल्य का भंडार

(C) मूल्य का मापक (D) विनिमय का माध्यम

4. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **1**

**कथन 1** : नम्य विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत भुगतान संतुलन में घाटा/अधिशेष स्वत: ही संतुलित हो जाता है ।

**कथन 2** : नम्य विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत मुद्रा के अधिक/अल्प मूल्यांकन की संभावना होती है ।

उपरोक्त कथनों के आलोक में, निम्न में से सही विकल्प का चयन करें :

(A) कथन 1 सत्य है तथा कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है तथा कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 व 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 व 2 दोनों असत्य हैं ।

**Options :**

(A) C = 100 + 0.7Y (B) C = 100 + 0.8Y

(C) C = 100 – 0.7Y (D) C = 100 – 0.8Y

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 1.**

If the value of Marginal Propensity to Consume (MPC) is 0.6 and dissavings are 100, the relevant saving function would be : **1**

(Choose the correct option)

**Options :**

(A) S = – 100 + 0.6Y (B) S = 100 + 0.6Y

(C) S = – 100 + 0.4Y (D) S = – 100 – 0.4Y

2. Income generated from Aircrafts of Air India operating between Canada and England would be added to the domestic income ($NDP_{FC}$) of ________.

(Choose the correct option to fill in the blank) **1**

**Options :**

(A) Canada (B) England

(C) Both Canada and England (D) India

3. Identify, that function of money, which has effectively solved the problem of 'double coincidence of wants' in a transaction. **1**

**Options :**

(A) Standard of deferred payments (B) Store of value

(C) Measure of value (D) Medium of exchange

4. Read the following statements carefully : **1**

**Statement 1 :** Under the flexible exchange rate system, a deficit / surplus in the Balance of Payments is automatically corrected.

**Statement 2 :** Under the flexible exchange rate system, there is always a possibility of over/under valuation of currency.

In the light of the above given statements, choose the correct option from the following :


(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

5. निम्नलिखित प्रवाह-चित्र (Flow chart) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें व सही विकल्प का चयन करें : **1**




**विकल्प :**

(A) हस्तांतरण वस्तुएँ
(B) पूँजीगत वस्तुएँ
(C) गैर-टिकाऊ वस्तुएँ
(D) अर्ध-टिकाऊ वस्तुएँ

6. समग्र माँग (AD) वक्र उपभोग वक्र के समांतर होता है, जो कि यह दर्शाता है कि दोनों में ______ है। **1**

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(A) समान घटक
(B) भिन्न ढाल (slope)
(C) समान ढाल (slope)
(D) व्युत्क्रमानुपाती (inverse) संबंध

7. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **1**

**कथन 1 :** पुरानी कारों के डीलर द्वारा अर्जित दलाली (Brokerage) को राष्ट्रीय आय के अनुमान में शामिल किया जाता है।

**कथन 2 :** स्व-उपभोग उत्पादन का कल्पित मान (imputed value) राष्ट्रीय आय में सम्मिलित किया जाता है।

उपरोक्त कथनों के आलोक में, निम्न में से सही विकल्प का चयन करें :

(A) कथन 1 सत्य है तथा कथन 2 असत्य है।
(B) कथन 1 असत्य है तथा कथन 2 सत्य है।
(C) कथन 1 व 2 दोनों सत्य हैं।
(D) कथन 1 व 2 दोनों असत्य हैं।


8. सुमित ने अपने बचत खाते में ₹ 10 लाख जमा किए थे। उनके द्वारा की गई यह जमा राशि मुद्रा आपूर्ति के $M_1$ माप में ______ का एक हिस्सा है। **1**

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

**विकल्प :**

(A) जनता के पास रखी गई मुद्रा
(B) अंतर-बैंक जमा
(C) वाणिज्यिक बैंकों की माँग जमा
(D) भारतीय रिज़र्व बैंक में सावधि जमा

5. Read the following Flow chart carefully and choose the correct option : **1**




**Options :**

(A) Transfer goods (B) Capital goods

(C) Non-durable goods (D) Semi-durable goods

6. The Aggregate Demand (AD) curve lies parallel to consumption curve, indicating that both have _________. **1**

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) same components (B) different slope

(C) same slope (D) inverse relationship

7. Read the following statements carefully : **1**

**Statement 1** : Brokerage earned by a dealer of second hand cars is included in the estimation of National Income.

**Statement 2** : Imputed value of production for self-consumption is included in National Income.

In the light of the above given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

8. Sumit deposited ₹ 10 lakh in his savings account. The deposits made by him is a part of ________ in the $M_1$ measure of money supply. **1**

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Currency held by public

(B) Interbank deposits

(C) Demand deposits with commercial banks

(D) Term deposits with Reserve Bank of India (RBI)

9. निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) तथा कारण (R) का अध्ययन करें । निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें : 1

**अभिकथन (A) :** विनिमय दर में वृद्धि का तात्पर्य है कि, विदेशी मुद्रा की कीमत, घरेलू मुद्रा के रूप में बढ़ गई है ।

**कारण (R) :** व्यापार संतुलन विदेशी मुद्रा के अंतर्वाह व बहिर्वाह को दर्ज करता है ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

10. पहचान करें, निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) का सरकार के बैंक, अभिकर्ता व सलाहकार के रूप में कार्य नहीं है । 1

**विकल्प :**

(A) सरकार का बैंकिंग कार्य संपादित करना ।

(B) राष्ट्रीय ऋण का प्रबंधन करना ।

(C) वित्तीय मामलों पर सलाह देना ।

(D) नियत अंतराल पर निरीक्षण करना ।

11. निम्नलिखित आँकड़ों द्वारा कर्मचारियों के पारिश्रमिक की गणना करें : 3

| क्रम सं. | विवरण | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | ब्याज | 45 |
| (ii) | कर उपरांत लाभ | 20 |
| (iii) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 50 |
| (iv) | बाज़ार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{MP}$) | 200 |
| (v) | किराया | 25 |
| (vi) | निगम कर | 5 |
| (vii) | वस्तु व सेवा कर (GST) | 10 |

12. (A) "जब साख सृजन प्रक्रिया में प्रारंभिक जमा राशि समान रहती है तो, मुद्रा गुणक के मान में वृद्धि पर कुल साख सृजन की मात्रा में भी वृद्धि होती है ।"
एक कल्पित संख्यात्मक उदाहरण द्वारा, उपरोक्त कथन का समर्थन अथवा खंडन करें । 3

**अथवा**

(B) "केन्द्रीय बैंक सभी वाणिज्यिक बैंकों की आरक्षित निधियाँ रखता है तथा उनका उपयोग अंतर-बैंक दावों के निपटान के लिए करता है ।"
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में उचित स्पष्टीकरण दें । 3

9. Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : **1**

**Assertion (A) :** Increase in exchange rate implies that the price of foreign currency in terms of domestic currency has increased.

**Reason (R) :** Balance of trade records the inflows and outflows of foreign exchange.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

10. Identify, which one of the following is not a function of Reserve Bank of India as a bank, agent and advisor to the government. **1**

**Options :**

(A) Carries out banking business of the government.

(B) Manages national debt.

(C) Advises on financial matters.

(D) Conducts periodic inspections.

11. Calculate compensation of employees from the data given below : **3**

| **S. No.** | **Particulars** | **Amount (in ₹ crore)** |
|---|---|---|
| (i) | Interest | 45 |
| (ii) | Profits after tax | 20 |
| (iii) | Consumption of fixed capital | 50 |
| (iv) | Gross Domestic Product at market price ($GDP_{MP}$) | 200 |
| (v) | Rent | 25 |
| (vi) | Corporate tax | 5 |
| (vii) | Goods and Services tax | 10 |

12. (A) "When initial deposits in the credit creation process remains same, the total amount of credit created rises as the value of money multiplier increases."

Defend or refute the above statement with the help of hypothetical numerical example. **3**

**OR**

(B) "The Central Bank maintains reserves of all commercial banks and use to settle interbank claims."

Do you agree with the given statement ? Give valid explanation in support of your answer. **3**

13. (A) निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

"किसी राष्ट्र की वर्ष के अंत में कुल राष्ट्रीय आय ₹ 80,000 करोड़ है । उसी वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद में ₹ 10,000 करोड़ की वृद्धि हुई है । पूँजीगत वस्तुओं पर मूल्यह्रास ₹ 2,000 करोड़ व वर्ष के अंत में राष्ट्रीय बचत ₹ 15,000 करोड़ थी । इसके अतिरिक्त, देश ने नई पूँजीगत वस्तुओं के उद्योग में ₹ 8,000 करोड़ का निवेश किया ।"

उपरोक्त गद्य के आलोक में मदों को 'स्टॉक' या 'प्रवाह' की श्रेणियों में उचित तर्कों द्वारा वर्गीकृत करें । **4**

**अथवा**

(B) "किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष का मौद्रिक सकल राष्ट्रीय उत्पाद (Nominal GNP) ₹ 2,500 करोड़ था । उसी वर्ष, आधार वर्ष के मूल्यों पर अनुमानित सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) ₹ 3,000 करोड़ था ।"

(i) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) अपस्फीतक (Deflator) का मान (प्रतिशत में) ज्ञात करें । **2**

(ii) "आधार वर्ष व वर्तमान वर्ष के मध्य मूल्य स्तर में वृद्धि हुई है ।"
कथन का समर्थन अथवा खंडन उपयुक्त तर्क द्वारा करें । **2**

14. (a) भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई 'मेक इन इंडिया' पहल के भारत के भुगतान संतुलन पर पड़ने वाले संभावित परिणामों की व्याख्या करें (अन्य सभी कारक समान मानते हुए) । **2**

(b) भुगतान संतुलन घाटे व अधिशेष का अर्थ लिखें । **2**

15. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

"भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने रेपो दर में 50 आधार अंकों की कटौती की घोषणा की है, जिससे यह 6% से 5.5% रह गई है ।"

उपरोक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) उपरोक्त गद्य में इंगित आर्थिक समस्या की पहचान करें । **1**

(ii) RBI द्वारा उठाये गए इस कदम के अर्थव्यवस्था पर संभावित कारणों व परिणामों की व्याख्या करें । **3**

16. (A) (I) निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर संतुलन स्थिति की एक अर्थव्यवस्था में निर्वाह स्तर के उपभोग व्यय का मान ज्ञात करें : **3**

(i) राष्ट्रीय आय (Y) = ₹ 1,200 करोड़

(ii) सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) = 0.20

(iii) निवेश व्यय ($\overline{I}$) = ₹ 100 करोड़

(II) "एक अर्थव्यवस्था जिसमें माल-सूची (inventory) के अनैच्छिक संचय में वृद्धि हो रही है, वह समग्र माँग में कमी करने का प्रयास करेगी ।"
उपरोक्त कथन का मान्य तर्कों द्वारा समर्थन अथवा खंडन करें । **3**

**अथवा**

13. (A) Read the following text carefully :

"A country's total National Income (NI) at the end of the year is ₹ 80,000 crore. During the same year, the Gross Domestic Product (GDP) increased by ₹ 10,000 crore. The depreciation on capital goods was ₹ 2,000 crore and National savings at the end of year is ₹ 15,000 crore. Additionally, country invested ₹ 8,000 crore in new capital goods industries."

In the light of above text, categorise the items as 'stock' or 'flow' variables with valid arguments. **4**

**OR**

(B) The value of Nominal Gross National Product (GNP) of an economy was ₹ 2,500 crore in a particular year. The value of Gross National Product (GNP) of that country during the same year, estimated at the prices of base year was ₹ 3,000 crore.

(i) Estimate the value of Gross National Product (GNP) deflator (in percentage). **2**

(ii) "The price level has risen between the base year and the year under consideration."

Defend or refute the statement with suitable argument. **2**

14. (a) Explain the likely impacts of the 'Make in India' policy initiated by Government of India on the Balance of Payments (BoP) of India (assuming all other factors constant). **2**

(b) State the meaning of Balance of Payment (BoP) surplus and deficit. **2**

15. Read the following text carefully :

"The Reserve Bank of India (RBI) announced a 50 basis point Repo Rate cut to 5.50% from 6%."

In the light of the given text and common understanding, answer the following questions :

(i) Identify the economic issue indicated in the above text. **1**

(ii) Explain the likely causes and consequences of this step of RBI on the economy. **3**

16. (A) (I) Estimate the value of subsistence level of consumption expenditure from the following data about an economy which is in equilibrium : **3**

(i) National Income (Y) = ₹ 1,200 crore

(ii) Marginal Propensity to Save (MPS) = 0.20

(iii) Investment Expenditure ($\overline{I}$) = ₹ 100 crore

(II) "An economy facing an increase in unintended accumulation of inventories would try to reduce Aggregate Demand."

Defend or refute the above statement with valid arguments. **3**

**OR**

(B) (I) निम्नलिखित तालिका को पूरा करें : ½ × 6 = 3

| स्थिति | निवेश में परिवर्तन ($\Delta$I) | आय में परिवर्तन ($\Delta$Y) | सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) | निवेश गुणक (K) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 200 | (i) ------- | 0.8 | (ii) ------- |
| (b) | (iii) ------- | 2000 | (iv) ------- | 4 |
| (c) | 1000 | (v) ------- | 0.5 | (vi) ------- |

(II) निम्नलिखित कथनों में उल्लेखित मौद्रिक उपायों की पहचान करें । व्याख्या करें कि इन्हें अधिमाँग/अल्पमाँग में से किस स्थिति में उपयोग किया जाएगा ।

(i) केन्द्रीय बैंक द्वारा जनता को सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) की बिक्री । 1½

(ii) वाणिज्यिक बैंकों को अपनी अधिशेष निधियाँ RBI के पास जमा करने के लिए प्रोत्साहित करना । 1½

17. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

सरकार ने रक्षा से लेकर ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, वाणिज्य आदि प्रमुख क्षेत्रों के लिए ₹ 15.27 लाख करोड़ का आबंटन किया है । सरकारी व्यय का एक भाग राज्यों को करों व शुल्कों में हिस्सेदारी के भुगतान में जाता है । लगभग 19% राशि ब्याज भुगतान पर, 16% राशि केन्द्रीय परियोजनाओं पर तथा 19% राशि उपदान, पेंशन व अन्य भुगतानों पर व्यय की जाती है । सरकारी राजस्व का बड़ा हिस्सा ऋण व अन्य देनदारियों से आता है, जो कुल प्राप्तियों का 27% है । इसके बाद आयकर राजस्व लगभग 19% वस्तु व सेवा कर (GST) व अन्य कर लगभग 18% तथा निगम कर लगभग 17% का योगदान देते हैं ।

इस सूची में अगला सबसे बड़ा प्रावधान ₹ 2.66 लाख करोड़ ग्रामीण विकास के लिए है, जिसमें ग्रामीण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं व लोकप्रिय MGNREGA योजना पर व्यय सम्मिलित है ।

उपरोक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) सरकार के मुख्य राजस्व स्रोतों की पहचान करें तथा उल्लेख करें कि प्रत्येक स्रोत से कितना प्रतिशत योगदान प्राप्त होता है । 3

(ii) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में धन आबंटन की आवश्यकता पर चर्चा करें । 3

(B) (I) Complete the following table : ½ × **6 = 3**

| **Situation** | **Change in Investment (ΔI)** | **Change in Income (ΔY)** | **Marginal Propensity to Consume (MPC)** | **Investments Multiplier (K)** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 200 | (i) ------- | 0.8 | (ii) ------- |
| (b) | (iii) ------- | 2000 | (iv) ------- | 4 |
| (c) | 1000 | (v) ------- | 0.5 | (vi) ------- |

(II) Identify the monetary measures being referred to in the following statements. Discuss whether the tool would be used during a situation of excess demand or deficient demand.

(i) Selling off government securities (G-Sec) to public by the central bank. **1½**

(ii) Encourage commercial banks to park their surplus funds with the Reserve Bank of India (RBI). **1½**

17. Read the following text carefully :

The government has allocated ₹ 15.27 lakh crore for major sectors, ranging from defence to rural development to social welfare to commerce and so on. Government expenditure goes to paying states' share of taxes and duties. Around 19% is spent on interest payments and 16% on central sector schemes, with subsidies, pension and other payments contributing 19%. Government revenue is divided between borrowings and other liabilities, which account for massive 27% of the incoming cash, Income tax revenue of around 19% Goods and Services Taxes (GST) and other taxes of around 18%; Corporation taxes account for around 17%.

The next highest provision on this list is ₹ 2.66 lakh crore for rural development. This will include expenditure on rural infrastructure project and increased outlay for the popular MGNREGA scheme.

On the basis of given text and common understanding, answer the following questions :

(i) Identify the major sources of government revenue and state what percentage does each one of them contribute. **3**

(ii) Discuss the need to allocate funds among different sectors of the economy. **3**

## खण्ड – ख
## (भारतीय आर्थिक विकास)

18. "सुधारों के प्रारंभिक चरण में साख बाज़ार के विकास हेतु, ब्याज दरों में प्रशासनिक हस्तक्षेप आवश्यक व वांछित दोनों होते हैं।"
पहचानें कि, उपरोक्त सुधार किस क्षेत्र के अंतर्गत लागू किए गए थे। 1
(सही विकल्प का चयन करें)

**विकल्प :**

(A) कर सुधार
(B) औद्योगिक क्षेत्र सुधार
(C) वित्तीय क्षेत्र सुधार
(D) विदेशी क्षेत्र सुधार

19. निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) तथा कारण (R) का अध्ययन करें। निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें : 1

**अभिकथन (A) :** कृषि-प्रसंस्करण उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग जैसे गतिशील उप-क्षेत्रों में वैकल्पिक रोज़गार के अवसर उत्पन्न करने की क्षमता होती है।

**कारण (R) :** पुरुष सामान्यत: गैर-कृषि क्षेत्र में नौकरियों की तलाश करते हैं, परन्तु हाल ही में महिलाएँ भी ऐसी नौकरियों की ओर अग्रसर हुई हैं।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।
(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

20. भारत का तीव्र ढलान वाला शिक्षा पिरामिड यह दर्शाता है कि, _________ 1
(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

**विकल्प :**

(A) सभी स्तरों पर विद्यार्थियों का समान वितरण है।
(B) उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है।
(C) शिक्षित युवाओं में कम बेरोज़गारी है।
(D) उच्च शिक्षा तक पहुँचने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है।

21. ______ द्वारा औपनिवेशिक काल के दौरान भारत की राष्ट्रीय तथा प्रति व्यक्ति आय का किया गया आंकलन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें) 1

**विकल्प :**

(A) विलियम डिग्बी
(B) वी.के.आर.वी. राव
(C) फिंडले शिराज़
(D) आर.सी. देसाई

## SECTION – B
## (Indian Economic Development)

18. "In the formative stages of reforms development of credit markets, administrative intervention in interest rates is both necessary and desirable."
Identify the sector under which the aforesaid reform was introduced.
(Choose the correct option) **1**

**Options :**

(A) Tax reforms
(B) Industrial sector reforms
(C) Financial sector reforms
(D) Foreign sector reforms

19. Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : **1**

**Assertion (A) :** The dynamic sub-sectors like agro-processing industries, food processing industries, etc. have potential to create alternative employment opportunities.

**Reason (R) :** Men usually seek non-farm jobs, but recently, women have also started looking for such jobs.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is the not the correct explanation of Assertion (A).
(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

20. The steep Indian education pyramid indicates _________. **1**
(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) equal distribution of students across all levels
(B) increase in number of people reaching higher education
(C) low unemployment among educated youth
(D) few/less number of people reaching higher education

21. _________ estimates India's national and per capita income during the colonial era was considered very significant.
(Choose the correct option to fill in the blank) **1**

**Options :**

(A) William Digby
(B) V.K.R.V. Rao
(C) Findlay Shirras
(D) R.C. Desai

22. कॉलम-I में दिए गए बेरोज़गारी/रोज़गारी के प्रकारों को कॉलम-II में दी गई संबंधित विशेषताओं से मिलान कर सही युग्म का चयन करें : 1

| | कॉलम-I | | कॉलम-II |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रच्छन्न बेरोज़गारी | (a) | किसी विशेष मौसम में केन्द्रित |
| (ii) | मौसमी बेरोज़गारी | (b) | सीमांत उत्पादकता शून्य होती है |
| (iii) | सरकार द्वारा अप्रत्यक्ष रोज़गार | (c) | भारतीय रेल |
| (iv) | सरकार द्वारा प्रत्यक्ष रोज़गार | (d) | भारतीय ऑयल निगम (IOC) |

विकल्प :

(A) (i) - (a)
(B) (ii) - (b)
(C) (iii) - (c)
(D) (iv) - (d)

23. ग्रामीण अर्थव्यवस्था में वृद्धि मुख्यत: _______ के प्रवाह पर निर्भर करती है, ताकि कृषि व गैर–कृषि क्षेत्रों में अधिक उत्पादकता प्राप्त की जा सके ।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें) 1

(A) पूँजी
(B) सड़क निर्माण
(C) हरित स्थिति
(D) बाह्य प्रापण

24. चित्र में दी गई उस रणनीति की पहचान करें, जिसे धारणीय विकास के लिए उपयोग किया जा सकता है । 1



विकल्प :

(A) गैर–पारंपरिक ऊर्जा स्रोत
(B) पवन ऊर्जा
(C) शहरी क्षेत्र में सी.एन.जी.
(D) ग्रामीण क्षेत्र में गोबर गैस

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न मात्र दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर है :**

यदि एक राष्ट्र मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के नियमों की अवहेलना करता है, तो इसके संभावित दीर्घकालीन व जैविक परिणाम _______ होंगे (सही विकल्प का चयन करें) 1

(i) तीव्र वन कटाई
(ii) त्वचा कैंसर की वृद्धिमान संभावना
(iii) ग्रीन हाऊस प्रभाव के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि
(iv) अम्लीय वर्षा की संभावना

**विकल्प :**

(A) मात्र (i)
(B) (ii), (iii) व (iv)
(C) (i) व (iv)
(D) (i) व (iii)

22. From the types of unemployment/employment given in Column-I and corresponding features given in Column-II, choose the correct pair : **1**

| | Column – I | | Column – II |
|---|---|---|---|
| (i) | Disguised Unemployment | (a) | Concentrated to a given season |
| (ii) | Seasonal Unemployment | (b) | Marginal productivity is zero |
| (iii) | Indirect employment by government | (c) | Indian Railways |
| (iv) | Direct employment by government | (d) | Indian Oil Corporation (IOC) |

**Options :**

(A) (i) - (a)
(B) (ii) - (b)
(C) (iii) - (c)
(D) (iv) - (d)

23. Growth of rural economy depends primarily on infusion of _________ to realise higher productivity in agricultural and non-agricultural sectors. (Choose the correct option to fill in the blank) **1**

(A) Capital
(B) Road Construction
(C) Green status
(D) Outsourcing

24. Identify that strategy given in the image that can be utilised for sustainable development. **1**



**Options :**

(A) Non-conventional source of energy
(B) Wind power
(C) CNG in urban areas
(D) Gobar Gas in rural areas

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 24.**

If a nation fails to enforce the regulations of the Montreal Protocol, the likely long term environmental and biological consequence of this will be _________. (Choose the correct alternative) **1**

(i) Rapid deforestation
(ii) Increased possibility of skin cancer
(iii) Greenhouse effect causing rise in global temperature
(iv) Possibility of acid rain

**Options :**

(A) Only (i)
(B) (ii), (iii) and (iv)
(C) (i) and (iv)
(D) (i) and (iii)

25. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : 1

**कथन 1** : जैविक कृषि में गैर–मौसमी फसलों के उत्पादन के विकल्प काफ़ी सीमित होते हैं ।

**कथन 2** : जैविक कृषि महँगे कृषि आगतों को स्थानीय स्तर पर उत्पादित जैविक आगतों से प्रतिस्थापित करने में सहायता करती है ।

उपरोक्त कथनों के आलोक में, निम्न में से सही विकल्प का चयन करें :

(A) कथन 1 सत्य है तथा कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है तथा कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 व 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 व 2 दोनों असत्य हैं ।

26. चीन ने ______ नीति अपनाई, जिसमें कृषकों व उद्योगों में सरकार द्वारा निर्धारित कीमतों पर कुछ मात्रा में वस्तुओं का क्रय–विक्रय होता है, जबकि शेष लेन–देन बाज़ार मूल्य पर होता है । 1

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

**विकल्प :**

(A) दोहरी मूल्य निर्धारण

(B) विशेष आर्थिक क्षेत्र

(C) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति

(D) ग्रेट लीप फॉरवर्ड

27. शिक्षा ______ प्रदान करती है । 1

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें ।)

(i) वैज्ञानिक प्रगति

(ii) आविष्कार व नवाचार को प्रोत्साहन

(iii) नई तकनीकों को अपनाने की क्षमता

**विकल्प :**

(A) (i) व (ii)

(B) (i) व (iii)

(C) (ii) व (iii)

(D) (i), (ii) व (iii)

28. "1970 के दशक के उत्तरार्ध व 1980 के दशक में पाकिस्तान की नीतियों, प्रोत्साहनों व निवेशों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए थे ।"

क्या आप उपरोक्त कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर को वैध तर्कों द्वारा सिद्ध करें । 3

29. (A) उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से औपचारिक व अनौपचारिक रोज़गार क्षेत्र के मध्य अंतर स्पष्ट करें । 3

**अथवा**

(B) पर्यावरणीय संसाधनों की बढ़ती माँग उनकी नैसर्गिक पुनर्जनन क्षमता से अधिक होने के दीर्घकालिक प्रभावों पर चर्चा करें । 3

25. Read the following statements carefully : **1**

**Statement 1 :** The option for producing off-season crops are quite restricted in organic farming.

**Statement 2 :** Organic agriculture helps in substituting costlier agricultural inputs with locally produced organic inputs.

In the light of the above statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both statements 1 and 2 are true.

(D) Both statements 1 and 2 are false.

26. China adopted _________ strategy in which farmers and industries bought and sold certain quantities at government fixed prices, while remaining transactions occurred at market prices. **1**

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Dual Pricing

(B) Special Economic Zones

(C) Great Proletarian Cultural Revolution

(D) Great Leap Forward

27. Education provides _________. **1**

(Choose the correct option to fill in the blank)

(i) Scientific advancements

(ii) Facilitate inventions and innovations

(iii) Adapting to new technology

**Options :**

(A) (i) and (ii) (B) (i) and (iii)

(C) (ii) and (iii) (D) (i), (ii) and (iii)

28. "In the late 1970s and 1980s, Pakistan experienced significant changes in its policies, incentives and new investments."
Do you agree with the above statement ? Justify your answer with valid arguments. **3**

29. (A) Distinguish between formal and informal sector of employment with the help of suitable examples. **3**

**OR**


(B) Discuss the long term implications of increased demand for environmental resources exceeding their natural regenerative capacity. **3**

30. (A) "औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत प्रभावी प्रतिबंधात्मक नीतियों ने भारत के विदेशी व्यापार के ढाँचे, संघटन व मात्रा पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था।"
उपरोक्त कथन को उचित व्याख्या द्वारा सिद्ध करें। **4**

**अथवा**

(B) ब्रिटिश शासन के अंतर्गत लागू की गई भू-राजस्व नीतियों के मुख्य उद्देश्य व प्रभावों की व्याख्या करें। **4**

31. (a) दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **3**




लिंग के संदर्भ में कार्यबल के वितरण की तुलना व विश्लेषण करें।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 31(a) के स्थान पर है।**
"1970 के दशक की तुलना में विभिन्न उद्योगों में कार्यबल के वितरण में शायद ही कोई परिवर्तन हुआ है।"
उपरोक्त कथन का उचित व्याख्या के द्वारा समर्थन अथवा खंडन करें। **3**

(b) श्रमिक जनसंख्या अनुपात का अर्थ बताएँ। **1**

32. (i) 'कम्यून प्रणाली' के अर्थ का उल्लेख करें। **1**
(ii) पाकिस्तान में धीमी आर्थिक वृद्धि के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या करें। **3**

33. (A) निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :
"भारत में उच्च उपज वाले बीजों (high-yielding seeds) की किस्में प्रारंभिक रूप से पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में लाई गई थीं।"
(i) 1966 में भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई इस पहल की पहचान करें। **1**
(ii) इस पहल का मुख्य उद्देश्य बताएँ। **1**
(iii) इस पहल के किन्हीं दो प्रभावों की व्याख्या करें। **4**


**अथवा**

30. (A) "The Restrictive policies under the colonial government adversely affected the structure, composition and volume of India's foreign trade."
Justify the above statement with valid explanation. **4**

**OR**

(B) Explain the main objectives and impacts of land settlement policies implemented under the British government rule. **4**

31. (a) Refer the given image carefully : **3**




Compare and analyse the distribution of work force with respect to gender.

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 31(a).**

"Compared to 1970's, there has hardly been any change in the distribution of workforce across various industries."
Defend or refute the above statement with valid explanation. **3**

(b) State the meaning of worker-population ratio. **1**

32. (i) State the meaning of 'Commune system'. **1**
(ii) Explain any two reasons for the slow economic growth in Pakistan. **3**

33. (A) Read the following text carefully and answer the questions given below :
"In India, high-yielding seed varieties were initially brought to the State of Punjab, Haryana and portions of western Uttar Pradesh."
(i) Identify the approach initiated by Indian Government in 1966. **1**
(ii) State the primary goal of this approach. **1**
(iii) Describe any two impacts of this approach. **4**

**OR**

(B) निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :

"यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें कोई फर्म अपने कुछ कार्यों को (जो पहले वह स्वयं करती थी), अब विशेषज्ञता रखने वाली किसी फर्म/फर्मों को सौंप देती है । ये सेवाएँ स्थानीय/अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों से ली जा सकती हैं ।"

(i) वैश्वीकरण की प्रक्रिया के सांकेतिक परिणाम की पहचान करें । **1**

(ii) भारत को इन गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनाने वाले किन्हीं दो कारकों का उल्लेख करें । **2**

(iii) सूचना प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण विस्तारित हुई सेवाओं के उदाहरणों की व्याख्या करें । **3**

34. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

केन्द्रीय बजट 2025–26 में ग्रामीण भारत के लिए महत्वपूर्ण पैकेज प्रस्तावित किया गया है, जिसमें ₹ 1.88 लाख करोड़ का आबंटन व्यापक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है । यह बजट ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार, महिला रोजगार, शिक्षा व संरचनात्मक ढाँचे को प्रोत्साहन देने पर बल देता है, जो एक मज़बूत व आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है । जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है, जिसका लक्ष्य 100% ग्रामीण जल आपूर्ति कवरेज प्राप्त करना व बुनियादी ढाँचे के रखरखाव को सुदृढ़ करना है ।

भारत नेट परियोजना के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी का विस्तार किया जा रहा है, ताकि सभी ग्रामीण सरकारी माध्यमिक विद्यालयों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को इंटरनेट सुविधा प्रदान की जा सके ।

साथ ही, बजट में प्रमुख ग्रामीण योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया है –

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY), जिसने ग्रामीण क्षेत्रों को हर मौसम में चलने योग्य सड़कों से जोड़ा है ।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (PMGAY), जिसने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आवास उपलब्ध कराए हैं; तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS), जो ₹ 86,000 करोड़ के आबंटन के साथ वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित कर रही है । उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) ग्रामीण विकास का महत्व स्पष्ट करें । **2**

(ii) भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए आरंभ की गई किन्हीं दो नीतियों पर चर्चा करें । **4**

---

(B) Read the following text carefully and answer the questions given below :

"It is an arrangement in which a firm hires some specialized firm(s) to carry out some of its activities (which were earlier being performed by itself). These service hirings could be from local / international markets."

(i) Identify the indicated outcome of the globalisation process. 1

(ii) State any two factors responsible for making India as an important source of these activities. 2

(iii) Explain examples of services that have expanded due to advancements in information technology. 3

34. Read the following text carefully :

The Union Budget 2025–26 proposed a significant package for rural India allocating ₹ 1.88 lakh crore to drive comprehensive development. The budget emphasises on boosting employment, women employment, education and infrastructure in rural areas, reflecting the governments' commitment for a stronger, self-reliant rural economy. The extension of Jal-Jeevan Mission until 2028, with focus on achieving 100% rural water supply coverage and enhancing infrastructure maintenance.

Broadband connectivity is set to expand under the Bharatnet project, providing internet access to all rural government secondary schools and primary health care centres.

Also, the budget highlights major rural schemes like the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana which has provided all-weather roads to rural areas. The Pradhan Mantri Grameen Awaas Yojana, which has delivered housing to economically weaker sections. The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS) continues to secure rural livelihoods with an allocation of ₹ 86,000 crore in FY 2024–25.

On the basis of the above text and common understanding, answer the following questions :

(i) Explain the significance of rural development. 2

(ii) Discuss any two policies initiated by government of India for rural development. 4